हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ७ अंक ६१ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० २२ अगस्त २०२२ दिन सोमवार गाजीपुर/वाराणसी

## मुख्तार के शूटर 50 हजार के इनामी अनुज कनौजिया की अवैध संपत्ति पर चला बुलडोजर

### तालाब की जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए थे अर्धनिर्मित मकान



प्रखर मऊ। बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी और उसके करीबियों के खिलाफ मऊ में ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है. इसी कड़ी में रविवार को मुख्तार अंसारी के गिरोह के शूटर और 50 हजार का इनामी बदमाश अनुज कन्नौजिया की संपत्ति पर मऊ पुलिस– प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया. तालाब की जमीन पर अवैध रूप से बनाए गए अर्धनिर्मित मकान को बुलडोजर से ध्वस्त करा दिया गया. बताया जा रहा है कि सरकारी जमीन पर कब्जा करके अनुज कनौजिया के लोग कर रहते थे. माफिया मुख्तार के शूटर अनुज कन्नौजिया द्वारा अवैध रूप से बनाए गए अर्धनिर्मित मकान पर बुलडोजर चलने से अपराधियों में दहशत फैल गई है. प्रदेश स्तर पर चिन्हित माफिया मुख्तार अंसारी (आईएस–191) का शार्प शूटर और 50 हजार का इनामी बदमाश अनुज कन्नौजिया ने तालाब की जमीन में अवैध रूप से मकान बनाया था. संगठित अपराध,अपराधियों के विरुद्ध पुलिस प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद तथा उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना सहित भारी पुलिस बल पहुंची. पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने बताया कि माफिया मुख्तार अंसारी के इशारे पर काम करने वाले शार्प शूटर अनुज कनौजिया के आलीशान मकान को ध्वस्त कर दिया गया है. जहां पर माफिया मुख्तार अंसारी के लिए काम कर रहा था अनुज कनौजिया और उसके साम्राज्य को बाबा के बुलडोजर से उसे ध्वस्त कर दिया गया है. अनुज कनौजिया के लोग गांव सभा के सरकारी जमीन पर पोखरी की जमीन पर अवैध रूप से आलीशान मकान बनाया था. जिस पर न्यायालय के कोर्ट के आदेश पर ध्वस्तिकरण का काम किया गया है.मुख्तार अंसारी के शूटर अनुज कन्नौजिया का आपराधिक इतिहास काफी लंबा है. उस पर गाजीपुर जिले में दर्ज हैं. पुलिस द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों पर गौर करें तो अनुज पर मऊ जिले के कोतवाली थाने में सर्वाधिक कुल 19 मुकदमे मऊ और छह मुकदमे दर्ज हैं।

## लखनऊ एटीएस यूनिट का बड़ा खुलासा बड़ी संख्या में रोहिंग्या मुसलमान बन गए भारतीय वोटर!

प्रखर एजेन्सी/डेस्क। एटीएस लखनऊ यूनिट की पड़ताल में रोहिंग्या मुसलमानों के संबंध में बड़ा खुलासा हुआ है। फर्जी प्रपत्रों के आधार पर रोहिंग्या पहचान पत्र बनवाकर भारतीय मतदाता बन चुके हैं। एक साल पूर्व अलीगढ़ से पकड़े गए रोहिंग्या के पास मतदाता पहचान पत्र मिलने की जानकारी सामने आने पर अब उसे निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। एटीएस अब प्रदेश भर में बसे रोहिंग्याओं का रिकॉर्ड खंगालने में जुट गई है। 2021 में पुलिस के आतंकवादी निरोधक दस्ते ने मानव तस्करी के मामले में नोएडा, अलीगढ़ से रोहिंग्या की गिरफ्तारियां की थीं। म्यांमार से रोहिंग्याओं को बांग्लादेशियों की सीमा से लाने और देश विरोधी गतिविधियों में लिप्त गिरोह के संबंध में एटीएस को इनपुट मिला था। इसके बाद एटीएस ने 28 फरवरी 2021 को फारूख को नोएडा के परी चौक से गिरफ्तार किया था। फारूख अलीगढ़ के मकदूम नगर में रह रहा था। पूछताछ में पता चला कि उसका असली नाम हसन अहमद पुत्र नूर अहमद है। वह म्यांमार के आकियाब जिले के मगरू थाना क्षेत्र स्थित तमचन गांव का रहने वाला है।

## बदलेगा देश के सभी एम्स का नाम केन्द्र की बड़ी तैयार!




**एम्स का नाम स्थानीय नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों, क्षेत्र की ऐतिहासिक घटनाओं अथवा स्मारकों के नाम पर रखने का प्रस्ताव**

प्रखर एजेन्सी। केंद्र सरकार ने दिल्ली समेत सभी 23 एम्स का नाम स्थानीय नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों, क्षेत्र की ऐतिहासिक घटनाओं अथवा स्मारकों के नाम पर रखने का प्रस्ताव किया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा इस बाबत सुझाव मांगे जाने के बाद अधिकतर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (।प्प्डै) ने नामों की सूची सौंप दी है। एक अधिकारी ने बताया कि एम्स अपने सामान्य नाम से जाने जाते हैं और केवल उनके विशिष्ट स्थान से उन्हें पहचाना जाता है। गौरतलब है कि कई एम्स संचालन में हैं जबकि अन्य प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत स्थापित किए जा रहे हैं। सूत्र ने बताया कि इस संबंध में विभिन्न एम्स को विशिष्ट नाम देने के संबंध में सुझाव मांगे गए थे, जिन्हें स्थानीय या क्षेत्रीय नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों, क्षेत्र की विशिष्ट भौगोलिक पहचान से जोड़ा जा सकता है, जहां संबंधित एम्स स्थित है। माना जाता है कि अधिकांश एम्स ने सुझाए गए नामों के लिए व्याख्यात्मक नोट के साथ तीन से चार नामों का सुझाव दिया है। छह नए एम्स – बिहार (पटना), छत्तीसगढ़ (रायपुर), मध्य प्रदेश (भोपाल), ओडिशा (भुवनेश्वर), राजस्थान (जोधपुर) और उत्तराखंड (ऋषिकेश) को पीएमएसएसवाई के पहले चरण में मंजूरी दी गई थी और इनका संचालन पूरी तरह शुरू हो चुका है।

## भीषण सड़क हादसे में दो महिलाओं समेत चार की दर्दनाक मौत

प्रखर डेस्क। दिल्ली–यमुनोत्री हाईवे पर रविवार की देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में मारुति वैन में सवार दो महिलाओं समेत चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें सीएचसी बेहट से प्राथमिक उपचार के बाद हर सेंटर रेफर किया गया है। वैन में ट्रक ने सामने से टक्कर मारी है। हादसा रात करीब 9 बजे कोतवाली बेहट क्षेत्र में गंदेवड़ के पास हुआ। मिर्जापुर गांव निवासी आदिल और उसके परिवार के लोग मारुति वैन में सहारनपुर गए थे। वहां एक अस्पताल में उनके परिवार की एक महिला की डिलीवरी हुई थी, जिससे मिलने के बाद वह लौट रहे थे। मीरगढ़ गांव से आगे गंदेवड़ के पास सामने से आ रहे ट्रक ने मारुति वैन में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण हुई की वैन में सवार आदिल (25) पुत्र फुरकान, मशकूर (26) पुत्र मंजूर व दो महिलाओं की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि रिहाना (38) पत्नी सलीम, सुल्ताना (35) पत्नी फुरकान व फुरकाना (38) रहमान गंभीर रूप से घायल हैं। इन्हें बेहट सीएचसी से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते हायर सेंटर रेफर किया गया है। उधर, ट्रक को उसका चालक घटना स्थल पर ही छोड़कर फरार हो गया। सीओ मुनीशचंद्र ने बताया, कि मृतक के परिवार वालों को हादसे की सूचना दे दी गई है। वे सीएचसी पहुंच गए रहे हैं।

## हवालात में बिगड़ी बंदी की तबीयत अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में हुई मौत

### जेल जाने के डर से पड़ा दिल का दौरा'



प्रखर गोरखपुर। कोर्ट में सरेंडर के बाद कचहरी के हवालात में रखे गए फिरोजाबाद निवासी बंदी की तबीयत बिगड़ गई। उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि जेल जाने के डर से बंदी को दिल का दौरा पड़ा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट के बाद ही मौत की सही वजह सामने आएगी। फिरोजाबाद जिले के शेखूपुर रामगढ़वा निवासी अखिल अहमद उर्फ कलवा पुत्र रशीद खान के ऊपर शाहपुर थाने में 2009 में महिला ने मुकदमा दर्ज कराया था। केस ट्रायल पर आ गया था और आरोपित हाजिर नहीं हो रहा था इसको लेकर कोर्ट से पिछले कई तारीखों से गैर जमानती वारंट जारी हो रहा था। 50 वर्षीय अखिल अहमद शनिवार को कोर्ट में हाजिर होने आया था। गैर जमानती वारंट होने के नाते उसे कस्टडी में लेकर कचहरी के हवालात में डाल दिया गया था। यहां से सभी बंदियों को गोरखपुर मंडलीय कारागार में ले जाने की तैयारी चल रही थी इस बीच अखिल अहमद की तबीयत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि उसे झटका आने लगा और सांस लेने में दिक्कत होने लगी। वहां मौजूद पुलिस कर्मियों ने लॉकअप से उसे बाहर निकाला और अधिकारियों को सूचना देने के साथ ही तत्काल उसे जिला अस्पताल भेजवाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## 128 गोवंश समेत पशु तस्कर गिरफ्तार अंधेरे का लाभ उठाकर अन्य पशु तस्कर हुए फरार



प्रखर अहरौरा,मिर्जापुर। थाना क्षेत्र के बेचू बीर जंगल महाल छेत्र के जंगली रास्ते से तस्करी कर बिहार वध के लिए ले जाए जा रहे 128 राशि गोवंश को मुखबिर की सूचना पर स्थानीय पुलिस ने क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के नेतृत्व में पकड़ने में सफलता प्राप्त की है प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय ग्रामीणों से सस्ते दामों पर पशुओं को खरीद कर जंगली रास्ते से बिहार ले जाकर बेचा जाता है पुलिस ने पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है वहीं अन्य तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे बरामद पशुओं में 88 गाय, 6 बैल,17 बछिया, 17 बछड़ा समेत 6 तस्कर जिनमें जिनमे बली राम पुत्र स्वर्गीय लाल चंद, भोला पुत्र खिचड़ू, बब्बू पुत्र सिरी तीनो निवासी बनिमिलिया थाना अहरौरा, बसंत लाल उर्फ खुटी पुत्र लालमणि सिंह, रमाशंकर उर्फ मुन्ना पुत्र अक्षयवर, गोविंद सिंह उर्फ ठूठ पुत्र टेंगरी सिंह यह तीनों निवासी धनही थाना पड़री जनपद मिर्जापुर जो पशु तस्करों क्यों पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया, वहीं अन्य पशु तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर उनकी तलाश करना शुरू कर दी है।

## अज्ञात महिला का मिला शव, सिर गायब

प्रखर पिंडरा वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के पिंडरा रोड हाल्ट के समीप एक ट्रेन से कटने से अज्ञात महिला की मौत हो गई। सायँ 6 बजे सूचना मिलने पर पहुची पुलिस महिला के कटे सिर को ढूढ़ने में लगी रही। बताते हैं कि सायंकाल में किसी ट्रेन से एक अज्ञात 35 वर्षीय महिला जो साड़ी पहनी हुई थी रेलवे ट्रैक के किनारे मृत हालत में पड़ी थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुची पुलिस महिला के धड़ को तो बरामद कर लिया लेकिन सिर न मिलने से घण्टो उसे ढूढ़ने में लगी रही। रात्रि 8 बजे तक पुलिस सिर को ढूढ नही पाई थी। पुलिस के साथ ग्रामीण भी महिला के सिर को ढूढ़ने में लगे रहे। बताते हैं कि किसी ट्रेन के आगे कूदने के पहले ट्रेन के झटके से उक्त महिला का शव क्षत विक्षत होने के साथ झाड़ियाँ के बीच जा फसा। जिसे निकालने के लिए पुलिस को काफी जद्दोजहद करनी पड़ी। वही देर तक शव झाड़ी में पड़ने के कारण सम्भवतः कुत्ते उसके सिर को भी उठा ले गए।

इस बाबत थाना प्रभारी जगदीश कुशवाहा ने बताया कि अज्ञात महिला के शव को पुलिस बरामद करने में लगी है। अभी कोई ठोस जानकारी उस महिला के बाबत नही मिल पाई है।

## नशे में धुत होकर मूर्ति विसर्जन दोस्तों ने खूब मना किया लेकिन तालाब में खींच लाई मौत



प्रखार दानगंज वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र में एक युवक की मूर्ति विसर्जन के दौरान डूबने से मौत की खबर है। लाखी गांव में कृष्ण जन्माष्टमी मनाने के लिए गांव के युवाओं ने चंदा एकत्रित करके गांव की चौरा माता मंदिर पर कृष्ण की मूर्ति स्थापित की। कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाने के बाद शनिवार रात्रि को डीजे और बैंड बाजा के थाप पर नाचते गाते युवाओं की टोली मूर्ति विसर्जन के लिए लाखी गांव के तालाब के समीप पहुंची। वहां पर लखनपुर और बलरामगंज से भी मूर्ति विसर्जन को लोग आए थे। लाखी गांव के रहने वाले रामजीत गौड़ के तीसरे नंबर का बेटा छोटू गौड़ (30) तालाब में मूर्ति विसर्जन के लिए रात साढ़े नौ बजे करीब पहुंचा। तालाब के भीतर दलदल होने की वजह से कीचड़ में फंस गया। उसके साथी उसे तालाब में जाने से मना कर रहे थे लेकिन वह नहीं माना। कुछ लोगों ने बताया कि छोटू नशे में धुत था। युवकों की टोली जब बाहर निकली तो छोटू का कहीं अता पता नहीं चला। गांव के लोगों ने तलाब के समीप उसे खोजना शुरू किया और कहीं नहीं मिलने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची काफी खोजबीन के बाद छोटू की लाश नहीं मिल पाई। सुबह एक्सपर्ट को बुलाया गया इसके बाद छोटू की लाश रविवार की सुबह बरामद हुई। लाश मिलते ही गांव में कोहराम मच गया। घर के लोगों का रो रोकर बुरा हाल था। उसके साथियों का कहना था कि यदि बात मान गया होता तो छोटू जिंदा होता। थानाध्यक्ष चोलापुर दुर्गेश मिश्रा ने बताया कि कृष्ण की मूर्ति का विसर्जन नहीं होता है। नई परंपरा के अनुसार मूर्ति विसर्जन के लिए तालाब के समीप बलराम गंज से भी लोग गए थे डूबने वाला युवक छोटू नशे में धुत था लोग उसे मना कर रहे थे। लेकिन उसने बीच तालाब में जाकर मूर्ति विसर्जन का दावा किया। जहां पर उसकी डूबने से मौत हो गई। लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## वनरक्षक परीक्षा में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से नकल करते महिला सहित तीन गिरफ्तार




प्रखर जौनपुर। जौनपुर में वनरक्षक की परीक्षा के दौरान दो हाईटेक नकलची पकड़े गए हैं। अप्पर पुलिस अधीक्षक नगर डॉक्टर संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वनरक्षक की परीक्षा 36 केंद्र पर संचालित हो रही है, जिसमें 17000 से अधिक परीक्षार्थी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि लाइन बाजार थाना क्षेत्र के 2 परीक्षा केंद्र टीडी कॉलेज और प्रसाद इंस्टीट्यूट में 2 नकलची पकड़ में आए हैं। जिनसे पुलिस द्वारा पूछताछ की गई। आपको बता दें कि परीक्षा के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किए गए थे और परीक्षार्थियों की चेकिंग भी की गई थी बावजूद इसके सारी व्यवस्थाओं को धता बताते हुए नकलची उन्हें अंद परीक्षा केंद्र में हाईटेक माध्यम से नकल की है। संजय कुमार पुलिस अधीक्षक नगर ने बताया कि सवन रक्षक की परीक्षा को दौरान इलेक्ट्रानिक डिवाइस से नकल करते हुए महिला सहित तीन परीक्षार्थी गिरफ्तार किए गए हैं।

## दो युवक गंगा में डूबे, एक का शव बरामद, दूसरे की तलाश जारी



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आज दिन रविवार को करीब 3रू00 बजे दोपहर में सूचना मिली की थाना रेवतीपुर क्षेत्र अंतर्गत उतरौली पुलिया के पास दो युवक राकेश पुत्र विजय राम उम्र 15 वर्ष पता ग्राम त्रिलोकपुर थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर व विकास कुमार पुत्र गुप्त राम उम्र करीब 16 वर्ष ग्राम त्रिलोकपुर थाना रेवतीपुर जनपद गाजीपुर, गंगा नदी में डूब गए हैं। सूचना पर थाना प्रभारी रेवतीपुर ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घटना का संज्ञान लिया एवं गोताखोरों के माध्यम से एक युवक विकास कुमार पुत्र गुप्त राम के शव को बरामद किया है एवं दूसरे युवक की खोजबीन की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था की कोई समस्या नहीं है।

# क्या हाउसिंग सोसायटी अविवाहित लोगो को घर किराए पर लेने से रोक सकता है?

कई मकान मालिकों का कुंवारे या अकेले रह रहे लोगों को घर किराये पर देने का अनुभव अच्छा होता है. साथ ही, कुंवारे लोगों को किराए पर लेना फ्लैट मालिक के लिए अधिक फायदेमंद होता है क्योंकि वे आपस में खर्चों को विभाजित करके अधिक भुगतान करने को तैयार होते हैं। लेकिन शहरों में हाउसिंग सोसाइटी अक्सर यह नियम बनाती है कि कोई भी मकान मालिक किसी अविवाहित पुरुष या महिला को – श्बॅचलर्स का बुरा अनुभव है, लड़कियों या लड़कों को लाना, शराब पीना, देर रात पार्टी करना या सुरक्षा गार्डों से बहस करना, अपराधी हो सकते हैं, आदि बहानों से उन्हें घर किराए पर देने से रोका जाता है. फ्लैट मालिकों की भी आमतौर पर यह धारणा होती है कि अगर कोई परिवार फ्लैट में रहता है, तो वे फ्लैट की बेहतर देखभाल करेंगे। इसके अलावा, समाज और पड़ोसियों से कोई शिकायत नहीं होगी.

नतीजतन, कई पढेलिखे और अच्छी पार्श्वभूमी के लोग भी जब शहर में शिक्षा या रोजगार के लिए आते हैं तो उनके साथ दुर्व्यवहार और अपमान का बर्ताव किया जाता है । तो सवाल यह उठता है कि अगर समाज की पुलिसगिरी करने वाले लोग यदि उन्हें कई पूर्वाग्रहों के आधार पर रहने नहीं देंगे, तो ये लोग कहां जाएंगे? मुंबई, बैंगलोर, हैदराबाद, पुणे, ठाणे और चेन्नई जैसे शहरों में आने वाले नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए छात्रावासों की संख्या बहुत कम है और पर्याप्त नहीं है।

**क्या ये नियम कानूनी रूप से बाध्यकारी हैं? तो नहीं।**

पुलिस सत्यापन और सभी कानूनी दस्तावेज होने पर उन्हें जाति, धर्म, पंथ या लिंग के आधार पर फ्लैट किराए पर लेने से कोई नहीं रोक सकता है। सोसायटी के सदस्यों को नैतिक पुलिसिंग का कोई अधिकार नहीं है। कुछ चुनिंदा लोगों के व्यवहार को मानक मानकर मानदंड नहीं बनाए जा सकते। कानून के सरल शब्दों में, घर का स्वामित्व सोस्यती के पास नहीं बल्कि फ्लैट मालिक के पास होता है। इसलिए घर किसे किराये पर वो दे, इसपर सोसायटी अडंगा नहीं डाल सकती.

यह फ्लैट मालिक का विवेक है जिसके तहत वो कानून द्वारा निर्धारित उचित नियमों और शर्तों के अधीन अपने फ्लैट को किसी को भी किराए पर देने का अधिकार रखता है। बस इतना ही जरुरी है कि वह अपने फ्लैट को वाणिज्यिक या अवैध गतिविधियों के लिए किराए पर न दें। सोसायटी के प्रत्येक सदस्य को अपनी इच्छा से अपना मकान किराए पर देने का अधिकार है और सोसायटी बॅचलर्स या सिंगल लोगों को प्रतिबंधित नहीं कर सकता है। नए मॉडल उप–नियमों से श्लीव और लाइसेंसश के आधार पर फ्लैट देने के लिए सोसायटी की पूर्व अनुमति लेने की शर्त को हटा दिया गया है। केवल यह कि सदस्यों को विधिवत पंजीकृत किरायेदारी समझौते की एक प्रति और निकटतम पुलिस स्टेशन में जमा किए गए किरायेदारों के विवरण की एक प्रति प्रस्तुत करके किराए पर लिए जाने वाले फ्लैट के बारे में सोसायटी को सूचित करना आवश्यक है।

सोसायटी श्गैर अधिभोग शुल्कश ले सकती है लेकिन सोसायटी मनमानी नहीं कर सकती। हाउसिंग एसोसिएशन अपने नियम खुद बना सकते हैं। विस्तृत दिशा–निर्देश या उप–नियम हैं जो प्रत्येक हाउसिंग सोसाइटी पंजीकृत होने पर अपनाती है। ये नियम और विनियम आवास संगठन के दिन–प्रतिदिन के संचालन को नियंत्रित करते हैं और इसके सुचारू संचालन के लिए महत्वपूर्ण हैं। व्यक्तिगत समाजों को अपने उपनियमों के आधार पर किरायेदारों को मना करने का कानूनी अधिकार है। कई मामलों में, इस तरह के उपनियमों को इसे प्राप्त करने के लिए एक विशेष तरीके से व्याख्या की जाती है। हालांकि, उन्हें ऐसा करने का कोई संवैधानिक अधिकार नहीं है। मकान मालिक केवल किरायेदारी समझौते और उसके नियमों और शर्तों से बाध्य है। उस किराये के समझौते के किसी भी खंड या किसी नियम के उल्लंघन के मामले में, केवल उस स्थिति में, सोसायटी को फ्लैट खाली करने के लिए कहने का अधिकार है, अन्यथा किसी को भी अपना घर किसी को किराए पर देने में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है।

**अगर सोसाइटी घर किराये पर देने पर अडंगा लाए तो क्या किया जा सकता है?**

महाराष्ट्र सहकारी समिति अधिनियम में सोसायटी के परिसर के भीतर श्निषिद्ध और प्रतिबंधितश क्षेत्रों के लिए कोई प्रावधान नहीं है। यदि सोसायटी नियमों और विनियमों का उल्लंघन करती है और फ्लैट मालिक के साथ दादागिरी कर रही हो, तो सोसायटी के पंजीकरण को रद्द करने के लिए सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार को शिकायत आवेदन भेजा जा सकता है। वह कानूनी कार्रवाई भी कर सकता है और एक दीवानी मामला दर्ज करके समाज को बॅचलर्स को बेदखल करने से रोकने वाला निषेधाज्ञा प्राप्त कर सकता है। सोसायटी के वरिष्ठ पदाधिकारी को समझौता दिखाकर बेदखली के लिए न्यायालय का आदेश प्रस्तुत करने के लिए कहा जा सकता है। मामला दर्ज करने से पहले सोसायटी को एक नोटिस दिया जा सकता है कि श्क्यों उसके अवैध कृत्यों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए और कानून का पालन करते हुए कहीं भी शांति से रहने के मौलिक और संवैधानिक अधिकार के उल्लंघन के लिए उचित मुआवजे का दावा किया गया हैश। अधिक शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना, प्रताड़ना, लड़ाई, तनाव, गाली–गलौज, पिटाई की स्थिति में स्थानीय पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। और अदालत से इस तरह के अवैध निष्कासन के खिलाफ निषेधाज्ञा प्राप्त कर सकती है।

सोसायटी उपनियम बड़े हैं या संवैधानिक अधिकार?

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत सोसायटी को ष्सेवा प्रदाताष के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जिसे उपभोक्ता न्यायालयों के कई निर्णयों द्वारा प्रबलित किया गया है। समाज की एकमात्र जिम्मेदारी अपने सदस्यों को ष्सामान्य सेवाएं और सुविधाएंष प्रदान करना है, जिसका कानूनी रूप से ष्सामान्य सेवाएं और सुविधाएंष भी है।

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 में कानून के समक्ष समानता का प्रावधान है। इस धारा के तहत धर्म, जाति, लिंग, जन्म स्थान या इनमें से किसी के आधार पर भेदभाव निषिद्ध है। भारत के संविधान के अनुसार भारत के प्रत्येक नागरिक और गैर–नागरिक को प्रतिबंधित और प्रतिबंधित क्षेत्रों को छोड़कर, भारत में कहीं भी रहने (निवासी) का मौलिक अधिकार प्रदान किया गया है। पूरे भारत में किसी भी अपार्टमेंट अधिनियम में सोसायटी परिसर के भीतर ष्निषिद्ध और प्रतिबंधितष क्षेत्रों के लिए कोई प्रावधान नहीं है। इसके अलावा, भले ही ष्बॅचलर किरायेदारष हो उसे भी ष्किरायेदारष के रूप में उसके अधिकारों से सोसायटी प्रतिबंधित (प्रतिबंधित) नहीं कर सकती.

अदालत में चुनौती दी जा सकती है। हाउसिंग सोसाइटी के नियमों को कानून का दर्जा नहीं है। प्रत्येक भारतीय नागरिक को देश में कहीं भी रहने का अधिकार है और किसी को भी धर्म, वैवाहिक स्थिति, जाति, लिंग, भोजन की आदतों या वैवाहिक स्थिति के आधार पर भेदभाव करने की अनुमति नहीं है। ऐसे मामले हैं जहां किरायेदारों ने कई मामले दायर किए, लड़े और जीते।

# ये कैसा व्यवहार ?

**कृष्णेन्द्र राय**



रोज नए मामले ।  
और नया विचार ।।  
बढ़ रहा समाज में ।  
ये कैसा व्यवहार ?  
बोल रहे अपशब्द ।  
यूं ये इस प्रकार ।।  
आ रहीं जो खबरें ।  
हो रहा उपकार ।।  
दूषित हुआ समाज है ।  
देख सकते हाल ।।  
जिसको देखो लगा है ।  
करने में कमाल ।।  
ले रहे संज्ञान भी ।  
पर ना हुआ सुधार ।।  
खो रहा पर लेकिन ।  
अपना जो आधार ।।

## पिंडरा की जनता के स्नेह व आशीर्वाद से बना विधायक— सुनील पटेल

**पिंडरा क्षेत्र के एक दर्जन स्थानों पर हुआ स्वागत**

प्रखर पिंडरा वाराणसी। रोहनिया से विधायक डॉ सुनील पटेल का रविवार को पिंडरा विस् क्षेत्र के एक दर्जन गांवों में ग्रामीणों व अद के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान अद के विधायक ने कहाकि राजनीति की शुरुआत इसी पिंडरा विस् क्षेत्र से की। यहाँ की जनता के मान सम्मान और आशीर्वाद के बदौलत आज विधायक बना।क्षेत्र की जनता का सदैव ऋणी रहूंगा। इस दौरान क्षेत्र के सहमलपुर, बरगहा, गड़खारा, भानपुर,दिनदासपुर,मरूई, बसाव, सरायशेखलार्ड, भटपुरवा, गंगापुर में हुए स्वागत समारोह के दौरान जिलाध्यक्ष डॉ नरेंद्र सिंह पटेल, धीरेंद्र सिंह , जिलाध्यक्ष महिला मंच अनीता पटेल , जय सिंह पटेल राम शिरोमणि , राजेंद्र चौहान, पंकज वर्मा , श्याम बली पटेल, अनिल पटेल कमलेश , सुनील , बुझारत व गोलू चौहान समेत सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## समाज की एकता संगठन की शक्ति पर निर्भर— ओमकार केशरी

प्रखर वाराणसी। वैश्य नेता व भाजपा के प्रयागराज प्रभारी ओमकार केशरी ने कहाकि समाज की एकता उनकी सोच पर कार्यशैली पर निर्भर करता है। एकता के लिए नारे ही नही समाज के लिए कार्य करने की जरूरत है। उक्त बातें वैश्य समाज उत्तर प्रदेश के बैनर तले रविवार को कबीरचौरा स्थित जिला कार्यालय में हुई बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहाकि संगठन को शक्ति मानकर उसको धार देने में अपनी ऊर्जा लगानी चाहिए। वही प्रदेश अध्यक्ष अजय केशरी ने कहाकि हमारे नेता व वैश्यों के शिरोमणी नंदगोपाल नंदी है। उनके नेतृत्व में वैश्य समाज को राजनीतिक फलक पर स्थापित करने का जो संकल्प लिया है उसे पूरा करना है। महिला मंच की प्रदेश अध्यक्ष नम्रता चौरसिया ने महिला को भी सँगठित होकर महिलाओ को राजनीति में आगे आना होगा। जिलाध्यक्ष राजकुमार जायसवाल ने कहाकि वैश्य समाज के संगठन को विस्तार देने के लिए आगामी 3 सितंबर को सायँ 4 बजे से पराड़कर भवन में जिले के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह होने की जानकारी देते हुए कहाकि संगठन की शक्ति उसके कार्यकर्ता व पदाधिकारी होते हैं। जिसमे अधिकाधिक संख्या में वैश्य समाज को पहुचने की अपील की। बैठक का संचालन महामंत्री मनीष केशरी व धन्यवाद अनिल जायसवाल ने दिया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री संजय केशरी, अजित सिंह बग्गा, अशोक केशरी, महिला मंच की जिलाध्यक्ष शालिनी खन्ना, पिंडरा विस् प्रभारी रामु गुप्ता, अशोक गुप्ता, संजय गुप्ता, सुनील चौरसिया, लल्ली चौधरी, घनश्याम जायसवाल, संतोष गुप्ता समेत वैश्य समाज के दर्जनो पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## जातिवाद धर्म से उठ किया रक्तदान, विशाल रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी । अध्यात्म मूर्ति स्वामी ओमा द अक् के अवतरण दिवस पर सामाजिक संस्था हम भारत हैं एवं वूमेंस स्पिरिट क्रिएशन सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में 21अगस्त रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन परेड कोठी स्थित एक होटल में हुआ जिसमें मुख्य अतिथि रही न्यूज चौनल एंकर आजतक न्यूज नेहा बाथम एवं विशिष्ठ अतिथि संजीव श्रीवास्तव प्रेसिडेंट रोटरी क्लब वाराणसी साथ सोनी जायसवाल, साकिब भारत, सौरभ अग्रवाल, अध्यक्ष अग्रवाल युवा संघ काशी,फोर्ड हॉस्पिटल से डॉक्टर मनीष सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके ब्लड डोनेशन शिविर का शुभारंभ हुआ। जिसमे मुख्य अतिथि नेहा बाथम ने युवाओं को प्रेरित कर खुद ब्लड डोनेट किया और नेहा ने कहा की हम सबको आगे आना चाहिए खून को दान कर हमें उन परिवारों की खुशी का हिस्सा बनना होगा जिन्हें हमारे रक्त की शक्त जरूरत हैं, खास कर महिलाओ को ब्लड दान महादान में बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी लेनी चाहिए। अतिथि विशिष्ठ अतिथि रहे संजीव श्रीवास्तव ने भी खुद रक्तदान कर युवाओं के प्रेरित कर संकल्प दिलाया कि हर उन अवसरों को यादगार बनाया जिन्हें आप प्रेम करते है वो तभी सुंदर पल होगा जब आप किसी अपने के लिए रक्त को किसी व्यक्ति के लिए दान देंगे। इस कैंप में बड़ी संख्या मैं बढ़ चढ़कर युवा महिला और पुरषों एवम संस्था के सदस्यों ने हिस्सा लिया और ब्लड डोनेट कर इस पुण्य कार्य में भागीदार बनें, वूमेंस स्पिरिट क्रिएशन सोसायटी अध्यक्ष सोनी जायसवाल ने कहाँ की हम महिलाएं किसी पुरुष से कम नही हमे पूरी हिम्मत के साथ आगे आना होगा और समाज मे बढ़चढ़ कर हिस्सेदारी लेनी होगी, हम भारत है संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष साकिब भारत ने कहाँ की रक्तदान शिविर हर वर्ष 21अगस्त को स्वामी ओमा द अक् के जन्मदिन के अवसर पर आयोजन होता है जिसमे हर जात धर्म के व्यक्ति हिस्सेदारी लेते है, साकिब भारत ने कहाँ की रक्तदान करने का एक ही उद्देश्य हर जातिधर्म के रगों में मुहब्बत, प्रेम का रंग घोरना है जिससे नफरत की आग को बुझाकर मुहब्बत की मिठास को बढ़ावा देना हैं। इस कार्य में संस्था के सदस्यो के साथ कई विशिष्ठ समाजसेवी अजय सिंह बॉबी, बीजेपी वरिष्ठ नेता होटल प्रताप पैलेस का सहयोग रहा साथ ही राजकुमार जायसवाल,अध्यक्ष जायसवाल सभा काशी एवम वैश्य समाज उत्तरप्रदेश सत्या जायसवाल , प्रमोद अग्रहरी अध्यक्ष वाराणसी व्यापार मंडल काशी प्रांत पिंकी श्रीवास्तव,सौरभ अग्रवाल, डॉक्टर रचना अग्रवाल ,जया अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल,प्राची गुप्ता , सलमान खुर्शीद,अमित मिश्रा, विकास यादव,नवीन कुमार, प्रियांशु, गोपाल उपाध्याय,विशाल भारत,संदीप सिंह, लकी अक,रेहान अहमद आदि बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे ।

## पूर्व एमएलसी काशी नाथ यादव ने झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। 9अगस्त क्रांति दिवस के अवसर पर आरंभ हुई देश बचाओ –देश बनाओ समाजवादी पदयात्रा आज तेरहवें दिन युवा समाजवादी योद्धा अभिषेक यादव की अगुवाई में संविधान बचाओ –लोकतंत्र बचाओ संकल्प के साथ भाजपा गद्दी छोड़ो नारे को बुलंद करते हुए मरदह से कासिमाबाद के लिए रवाना हुई। इस पदयात्रा को आज पूर्व विधान परिषद सदस्य काशीनाथ यादव और जहूराबाद विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे महेन्द्र चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पूर्व एमएलसी काशीनाथ यादव ने कहा कि आज देश की सारी संवैधानिक संस्थाओं पर भाजपा सरकार का कब्जा हो गया है। सीबीआई, ईडी और चाहे चुनाव आयोग हो सारी संस्थाएं सरकार के दबाव और इशारे पर काम कर रही है। यह संस्थाएं स्वतंत्र तरीके से फैसले नहीं ले पा रही है जो देश के लोकतंत्र के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि आज सीबीआई और ईडी का गलत इस्तेमाल कर विरोधी दलों के नेताओं की छवि खराब की जा रही है। भाजपा को असहमति का स्वर बर्दाश्त नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में चारों तरफ जंगलराज है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली इस सरकार के राज में बेटियों की रोज इज्जत लूटी जा रही हैं । उन्होंने कहा कि सबसे बड़ी दुखदाई बात यह है कि दुष्कर्म के मामलों में भाजपा के नेता और कार्यकर्ता संलिप्त हैं। पूर्व विधान परिषद सदस्य काशीनाथ यादव ने पदयात्रियों का हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि समाजवादी संघर्ष में विश्वास करता है । यह पदयात्रा समाजवादी आंदोलन के इतिहास में अपना नाम दर्ज करायेगी । उन्होंने कहा कि मंहगाई और बेरोजगारी बेलगाम हो गई है। भाजपा सरकार इसको नियंत्रित करने में पूरी तरह से विफल साबित हुई है। पूंजीपतियों की गोद में खेल रही भाजपा सरकार का आमजन की समस्यायों से कुछ भी लेना देना नहीं है। मंहगाई के चलते गरीब का चुल्हा ठंडा पड़ गया है। रसोई से जुड़ी। हर वस्तुओं पर जीएसटी लगाकर इस सरकार ने गरीबों की कमर तोड़ दी है। इस सरकार का लोकतंत्र में कोई विश्वास नहीं रह गया है। वह आये दिन अपनी लोकतंत्र विरोधी हरकतों से दुनिया के सामने देश को शर्मशार कर रहा है। पूर्व प्रत्याशी महेंद्र चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार के जनविरोधी नीतियों के चलते आज इस देश का धर्म निरपेक्ष स्वरूप, सामाजिक न्याय और सामाजिक और साम्प्रदायिक सद्भाव खतरे में है। रोजगार न मिलने की वजह से देश का नौजवान मायूस हैं। यह सरकार किसी की न सुन कर तानाशाही पूर्ण तरीके से मनमाने फैसले ले रही हैं। इस पदयात्रा में मुख्य रूप से जै हिंद यादव, अवधेश यादव, संजीत वर्मा, केशव यादव, राजीव यादव, रामनारायन यादव, राजेश कुशवाहा, अरुण कुमार श्रीवास्तव, गोपाल यादव, आत्मा यादव, अमित ठाकुर, राघवेन्द्र यादव, राज साहनी, राजवीर सिंह, संदीप यादव, कृष्णानंद यादव, आजाद राय, रामाशीष यादव, संदीप यादव सत्या, मटरू पहलवान, अक्षय यादव, संतोष यादव, अनिल यादव, हरेंद्र यादव लालू, सुजीत कुमार, कमलेश यादव, अविनाश विधार्थी, सुग्गु यादव आदि शामिल रहे। एमएलसी विशाल सिंह चंचल के जनसम्वाद में उमड़ी भीड़ प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। एमएलसी विशाल सिंह चंचल आज दिन रविवार को जमानिया पहुँचे, जहां पर समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली भी निकाली। तत्पश्चात डाक बंगला जमानिया में एमएलसी ने जनसंवाद किया। इस अवसर पर प्रधान जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रधान नगर सभासद एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे। एमएससी विशाल सिंह चंचल ने मौजूद अधिकारियों कर्मचारियों को सरकार की मंशा के अनुरूप जनसुनवाई को प्राथमिकता के आधार पर सुनने और उचित समाधान किए जाने के निर्देश दिए। सोन्हुली गांव मे विद्युत सप्लाई ठप, ग्रामीणों ने दी चेतावनी प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पहाङपुर

## धूरिया एवं सोनपुर में विद्युत सब स्टेशन बनाने के लिए भेजा गया प्रस्ताव

प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। दिनों दिन बिजली की खपत बढ़ने एवं क्रेशर प्लांटों के बढ़ते लोड के कारण ओवरलोड हो रहे अहरौरा एवं जंगल महाल बिजली सब स्टेशन पर ओवरलोड के चलते बिजली ट्रिप होने की समस्या से निजात दिलाने के लिए सोनपुर एवं धुरिया में दो नए विद्युत सब स्टेशन बनाने का प्रस्ताव बनाकर बिजली विभाग द्वारा शासन को भेजा गया है । विभाग का मानना है कि अगर इन दोनों स्थानों पर विद्युत सब स्टेशन बन जाएगा तो क्रेशर प्लांट संचालकों को आसानी से विद्युत कनेक्शन मिल सकेगा और आम जनता को भी निर्बाध ढंग से बिजली आपूर्ति की जा सकेगी ।वही अहरौरा विद्युत सब स्टेशन एवं जंगलमहल विद्युत सब स्टेशन पर ओवरलोड की समस्या समाप्त हो जाएगी ।अहरौरा क्षेत्र दिनों दिन क्रेशर बाहुल्य बेल्ट बनता जा रहा है क्षेत्र के सोनपुर यह धूरियां पहाड़ी में देखे तो पांच दर्जन से अधिक बड़े क्रेशर प्लांट एवं इतने ही कटर प्लांट लग चुके हैं । डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण अधिकांश क्रेशर प्लांट स्वामी अपने प्लांट को चलाने के लिए विद्युत कनेक्शन लेना चाह रहे हैं लेकिन सोनपुर का क्षेत्र जंगलमहल विद्युत सब स्टेशन से संचालित होने के कारण सोनपुर से जंगलमहल की दूरी लगभग 10 किलोमीटर पड़ जाती है जिससे लाइन लेने में लोगों को भारी खर्च उठाना पड़ता है । वहीं क्षेत्र के धूरियां पहाड़ी क्षेत्र भी क्रेशर प्लांटो का हक बनता जा रहा है । यहां भी अधिकांश लोग लाइन लेना चाह रहे हैं यहां से अहरौरा पावर हाउस की दूरी तो कम है लेकिन पावर हाउस पर अत्यधिक लोड होने के कारण क्रेशर प्लांटों को लाइन देना संभव नहीं हो पा रहा है । जिसके कारण धूरिया एवं सोनपुर में नए विद्युत सब स्टेशन बनाने का प्रस्ताव बिजली विभाग द्वारा शासन को भेजा गया है ताकि क्रेशर प्लांटो को आसानी से बिजली कनेक्शन दिया जा सके और विभाग के राजस्व में भारी इजाफा हो । बता दें कि अहरौरा विद्युत सब स्टेशन से बड़े क्रेशर प्लांट संचालक डीबीएल सहित अन्य कई लोग विद्युत कनेक्शन ले चुके हैं जिससे अहरौरा विद्युत सब स्टेशन पर लोड काफी बढ़ गया है और लगभग 6 एमबीए का लोड होने के कारण आए दिन लाइन ट्रिप होती रहती है ।

**दोनों स्थानों पर पहले लगेगा पांच पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर**

अहरौरा विद्युत सब स्टेशन के जेई राकेश पटेल ने बताया कि सोनपुर एवं धुरिया में नए विद्युत सब स्टेशन बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है अगर इस प्रस्ताव पर शासन द्वारा अमल किया गया तो दोनों स्थानों पर पहले पांच पांच एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा इसके बाद अगर लोड बढ़ा दो अन्य ट्रांसफार्मर लगाने का प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा ।

## बरसात न होने के कारण जरगो बाँध में मात्र 25 दिन जरगो मेन कैनाल चलाने के लिए पानी

**अवर्षण के कारण वर्तमान चुनौती से निपटने हेतु किसानो ने बनाई कार्ययोजना 22 सितम्बर तक अब नहीं खुलेंगी जरगो प्रणाली की नहरे**

प्रखर अहरौरा मिर्जापुर। जरगो मेन कैनाल समिति की बैठक शनिवार को अतरौली डाक बंगले पर हुई बैठक में अवर्षण की स्थिति को देखते हुए किसानों से संयम पूर्वक खेती की सिंचाई करने की अपील की गई । बैठक में अवगत कराया गया कि वर्तमान में जरगो जलाशय के मेन सूलिस पर मात्र 7 फीट पानी है । जिससे मात्र 25 से 30 दिन तक जरगो मेन कैनाल चलाया जा सकता है । इस स्थिति में धान एवं गेहूं की खेती करना एक बड़ी चुनौती है। बैठक में निर्णय हुआ कि अभी 15 सितंबर तक बारिश का सीजन है इसलिए 20 सितंबर तक पानी नहर में न छोड़ा जाए 20 सितंबर तक ईश्वर के भरोसे फसलों को बचा कर रखा जाए और 20 सितंबर से 31 अक्टूबर तक दो बार 15 – 15 दिन नहरे चलाई जाए बीच में 10 दिन का अंतराल दिया जाए । मुख्य अभियंता द्वारा बाणसागर का पानी जरगो डैम में आने के बयान के प्रचार पर खेद व्यक्त किया गया और अधिकारियों को आगाह किया गया कि इस प्रकार का किसानों के बीच भ्रामक प्रचार न करें। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि 3 और 4 सितंबर को किसान कल्याण समिति का प्रतिनिधि मंडल बाणसागर परियोजना का टेल से हेड तक निरीक्षण करेगा । बैठक की अध्यक्षता राजेन्द्र प्रसाद शास्त्री एवं संचालन जरगो मेन कैनाल समिति के महामंत्री हरिशंकर सिंह पटेल ने किया । बैठक में कार्यवाहक जिला अध्यक्ष बजरंगी सिंह कुशवाहा , सरदार अजीत सिंह ,गुलाब सिंह ,राम महाल सिंह, अरुण सिंह ,चिरंजीव सिंह, रामनाथ सिंह, सत्यदेव मौर्या, ज्ञान प्रकाश सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के आदेशों की हो रही अवहेलना जिम्मेदारों को नहीं डर है कार्रवाई का

## सहजनवा विकाश खंड के अन्तर्गत परमेश्वरपुर के गौशाला पर नहीं कराई गई कृष्ण जन्माष्टमी की पूजा




**सूत्रो के हवाले से बड़ी खबर**

प्रखार गोरखापुर। सहजनवा तहसील के विकास खंड सहजनवा के परमेश्वर पुर का हैं पूरा मामला । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आदेश था कि प्रदेश के हर गौशालाओं पर कृष्णा जन्माष्टमी के दिन शाम के वक्त पूजा अर्चना की जाएगी और वह देर रात तक चलेगी लेकिन मुख्यमंत्री के आदेशों की सरेआम जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा यहां धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। परमेश्वरपुर गौशाला का हाल बेहाल है हरे चारे की व्यवस्था इस गौशाले पर नहीं है। कितने पशु इस गौशाले में हैं जिम्मेदारों के पास इसका कोई पुख्ता संख्या भी नही मालूम हैं। सूत्रो की माने तो ग्रामीणों का कहना हैं की इस गौशाला पर कार्यरत चिकित्सक के द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी पूजा की तस्वीर उपलब्ध कराने के लिए कहा गया तो उन्होंने बताया की तस्वीर नहीं है। तो कैसे मान लिया जाए की सूबे के मुखिया के आदेशों का पालन किया गया। इस गौशाला से जुड़े ग्राम सचिव से जब बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नही उठा। बार–बार लगातार रिंग करने के बावजूद भी सचिव महोदय के फोन की घंटी खुद उनके कानों तक नहीं पहुंच पाई। उस गौशाला पर तैनात केयरटेकर अक्सर गौशाला से नादारत मिलते हैं। समरसेबल के इलेक्ट्रिक बोर्ड का स्विच खराब है। ये इलेक्ट्रिक बोर्ड दे रहा है किसी बड़ी दुर्घटना को दावत। इसे चालू या बंद करते समय विद्युत की चपेट में आने की संभावना तीव्र है। गौशाला के आसपास के स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मरे हुए पशुओं को इन गैर जिम्मेदारो की मेहरबानी से कहीं भी फेंककर खुला छोड़ दिया जाता है जिसकी वजह से उस मरे हुए पशुओं के शव से बहुत ही भयानक दुर्गंध उठती है जिसके कारण सांस लेना दूभर हो जाता है। कई दिनों तक इसी दुर्गंध भरी हवा में सांस लेना पड़ता है। जब परमेश्वरपुर के ग्राम प्रधान से गौशाला के दुर्दशा का कारण पूछा गया तो, मीडिया के कैमरे के सामने आने से बचते रहे और कुछ भी बताने या बोलने में असफल रहे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट की कड़ी का यह एक ऐसा हिस्सा है जिसे पूरे प्रदेश में लागू कर छुट्टा पशुओं से किसानों को निजात दिलाने का काम किया गया। छुट्टा पशुओं को समय पर भोजन, हरा चारा, दवा , और भी सुविधाएं शासन के द्वारा उपलब्ध कराई जाती है इन गौशालाओं पर । लेकिन गौशालाओं की हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है गर जिम्मेदारों की मनमानी रवैया से मुख्यमंत्री के इस ड्रीम प्रोजेक्ट को रसातल में पहुंचाने के लिए आतुर हैं। खबर लिखे जाने तक किसी भी जिम्मेदार से कोई उत्तर नहीं मिला।

# सोशल ऑडिट की प्रक्रिया ग्राम पंचायतों में सुचारू रूप से हुई संपन्न

प्रखर गोरखपुर। विकासखंड सहजनवा के ग्राम गंगटही, डोमहर माफी,ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट टीम द्वारा वित्तीय वर्ष 2019–20 वह 2021–22 के मनरेगा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के भौतिक सत्यापन के क्रम में बहुउद्देशीय सामाजिक अंकेक्षण (सोशल ऑडिट) टीम द्वारा पारदर्शिता सहभागिता एवं जवाबदेही के साथ ग्राम पंचायतों में पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया गया । तत्पश्चात खुली बैठक में सोशल ऑडिट टीम द्वारा वित्तीय वर्षों में ग्राम पंचायतों में किए गए कार्यों का एमआईएस रिपोर्ट उपस्थित ग्रामीणों के सामने पढ़कर सुनाया गया एवं सत्यापन में ग्रामीणों का सहयोग लिया गया ।उपरोक्त ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्षों में कराए गए कार्यों में उपस्थित ग्रामीणों तथा सोशल ऑडिट टीम को कोई कमी नहीं मिली, तथा ग्रामीणों के द्वारा ही ग्राम पंचायत में बीते वर्षों में कराए गए कार्यों के बारे में कोई शिकायत नहीं किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से बीआरपी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सहित ग्राम प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि ,रोजगार सेवक सहित सैकड़ों ग्रामवासी बैठकों में मौजूद रहे।

# आजादी के 75 साल बीत जाने के बाद भी कुवावल कला के ग्रामीणों को रास्ते से महरूम

प्रखर गोरखपुर। सहजनवा तहसील के अंतर्गत विकासखंड सहजनवा के कुवावल कला गांव के ग्रामीण मूलभूत बुनियादी सुविधाओं से वंचित है। कुवावाल कला गांव के ग्रामीणों ने बताया की करीब 500 घरों को आज तक रास्ते से वंचित रहना पड़ा इन घरों में होने वाले शादी विवाह के अवसर पर बहू बेटियों को वाहन के द्वारा घर तक नहीं पहुंच सकते । इस समस्या के चलते रास्ते की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र यादव से मुलाकात की धर्मेंद्र यादव तत्काल गांव के मौके पर पहुंचे ग्रामीणों से बातचीत करते हुए समस्या का निदान करने में लग गए उन्होंने अपने द्वारा बताए गए शब्दों में कहां कि सब लोग अपने ही हैं और दोनों तरफ से रास्ता बनना चाहिए आजादी के बाद से आज तक गांव की ग्रामीण बहु बेटियों की शादी विवाह तथा अन्य उत्सव में वाहन के द्वारा घर तक पहुंचना नामुमकिन है इसलिए रास्ते का निर्माण अति शीघ्र करा कर इस समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए इनके साथ में खड़ा हूं । पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र यादव ने ग्रामीणों को बताया किस रास्ते की समस्या को लेकर सहजनवा तहसील के उप जिलाधिकारी सुरेश राय से मुलाकात कर इस रास्ते की समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए निवेदन करूंगा। धर्मेंद्र यादव के कुवावल कला गांव के ग्रामीणों से मिलकर समस्या का त्वरित निस्तारण करने का भरोसा दिलाया। जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र यादव के कुवावल कला के ग्रामीणों से मिलने पर ग्रामीणों को एक उम्मीद की किरण रास्ते के कार्य को पूर्ण होने के रूप में देखते हैं ।

# आजादी के अमृत महोत्सव की हकीकत! सिर्फ भाषणों तक ही सीमित रह गया है शहीदों का सम्मान

## शहीद स्तंभ के बिल्कुल पास बना शौचालय शूरवीरों के बलिदान का उड़ा रहा मखौल

**तमाम जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में डालने के बाद भी किसी ने भी नहीं ली कोई सुध**

प्रखर केराकत जौनपुर। तहसील के नॉर्मल मैदान में स्थित 1942 के स्वाधीनता संग्राम में शहीद हुए शूरवीरों के शहीद स्तंभ आज के समय में समाज और प्रशासन द्वारा पूरी तरह अपमानित और तिरस्कृत किया जा रहा है। नॉर्मल मैदान स्थित शहीद स्तंभ के बिल्कुल पास बने शौचालय की वजह से शहीदों की शहादत का मानमर्दन किया जा रहा है। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर साल में दो बार शहीद स्तंभ पर ध्वजारोहण करने वाले उप जिलाधिकारी भी इस खबर से पूरी तरह अनभिज्ञ हैं कि किस तरह शहीदों का अपमान किया जा रहा है। ष्ऐ मेरे वतन के लोगों जरा आंख में भर लो पानीष जैसे देशभक्ति गीत गाकर देश के प्रति अपनी श्रद्धा और विश्वास दर्शाकर आजादी का अमृत महोत्सव मनाने वाले केराकत तहसील की जनता और प्रशासन शहीदों की शहादत को पूरी तरह से भुला दिया है। आजादी की 75वीं वर्षगांठ को सफल बनाने के लिए प्रधानमंत्री की मुहिम हर घर तिरंगा की धूम दिल्ली के राजपथ से लेकर गांवो की पगडंडियों तक रही, मगर यह कहना गलत नहीं होगा कि साल भर चले आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान शहीदों के शहादत की हो रही उपेक्षा को पूरी तरह से दरकिनार किया गया। किसी ने भी उपेक्षित पड़े शहीद स्तंभ की तरह ध्यान देना उचित नहीं समझा। 11 वीर सपूतों के शहादत में बने नार्मल मैदान में शहीद स्तंभ से सटे शौचालय को जिम्मेदार समेत जनप्रतिनिधि जान बूझ नजरंदाज कर देते हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत खूब भाषणबाजी हुई कि शहीदों की शहादत के प्रति नई पीढ़ी को संवेदनशील बनाना है। शहीदों की गौरव गाथा को जन–जन तक पहुंचाने के लिए खूब जोश भरा गया लेकिन हकीकत यह है कि तमाम जनप्रतिनिधि इस मामले में संवेदनहीन हैं।

**शहीद स्तंभ से सटे शौचालय से अवगत कराने के बाद भी उदासीन दिखे जनप्रतिनिधि**

शहीद स्तंभ से सटकर बने शौचालय के संबंध में जब खेल मंत्री गिरीश चंद यादव से टेलीफोनिक वार्ता की गई तो बताया गया कि मंत्रीजी भोजन कर रहे है और इस संबंध में आप क्षेत्रीय विधायक से बात करे और आप शहीद स्तंभ का पूरा डिटेल व्हाट्सअप कर दीजिए मगर व्हाट्सअप किये दो दिन बीत जाने के बाद भी किसी तरह कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसी क्रम में सांसद बीपी सरोज से भी टेलीफोनिक वार्ता की गई पर वहां भी जवाब यही मिला इसके बाद क्षेत्रीय विधायक तूफानी सरोज से बात की गई तो उन्होंने बताया कि मामला अभी संज्ञान में नही है कभी आयेंगे तो बताएंगे। विडंबना देखिए जिन शहीदों के शहादत को याद करने के लिए एक साल आजादी का अमृत महोत्सव चलाया गया उनकी शहादत के हो रहे उपेक्षा से अवगत कराने पर भी जनप्रतिनिधियों का ध्यान शहीद स्तंभ से सटे शौचालय पर नहीं जा रहा है।

# आठ लाख लूटने के बाद हत्या, पुलिस चौकी के पीछे लटकता मिला शव

प्रखर बरेली। मीरगंज में आठ लाख रुपये लेकर घर से निकले युवक का शव रविवार शाम अनुबिस पुलिस चौकी के ऐन पीछे शीशम के पेड़ से लटका मिला। दोनों हाथ पीछे बंधे होने की वजह से माना जा रहा है कि उसके पास मौजूद रकम लूटने के बाद हत्या कर दी गई। पुलिस ने युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।फिलहाल रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। मीरगंज के गांव ठिरिया खुर्द में रहने वाले 45 वर्षीय शिशुपाल गंगवार बीसी (बिजनेस कमेटी) चलाते थे। इसके तहत वह कई लोगों से हर महीने रकम लेकर ड्रॉ निकालने के बाद एकमुश्त रकम का भुगतान करते थे। भाई महिपाल के मुताबिक शनिवार रात शिशुपाल के पास आठ लाख रुपये थे। रविवार सुबह करीब नौ बजे वह ड्रॉ के विजेताओं को बीसी की रकम का भुगतान करने की बात कहकर घर से निकले थे। सुबह 11 बजे तक उन्हें हुरहुरी चौराहे पर देखा गया लेकिन दोपहर तक घर नहीं लौटे। परिवार वालों के तलाश करने के बावजूद उनका पता नहीं चला। दोपहर बाद परिवार के लोगों ने एक लोकवाणी केंद्र पर जाकर जीपीएस के जरिए शिशुपाल की लोकेशन ट्रेस कराई तो उनकी लोकेशन परौरा स्थित बाग में मिली। शाम छह बजे घर वाले वहां पहुंचे तो शिशुपाल का शव शीशम के पेड़ से लटका मिला। दोनों हाथ पीठ के पीछे बंधे हुए थे। सीओ राजकुमार मिश्र के मौके पर पहुंचने के बाद शव पेड़ से उतरवाया गया और फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य इकट्ठे कराए।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने सारनाथ थाने पर हुए एकजुट ममता राय के खिलाफ, एफआईआर करने की मांग मिला आश्वासन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारियों ने कहा काशी के सम्मान में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा मैदान में द्य शैलेंद्र प्रताप सिंह प्रदेश संगठन मंत्री अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा ने रविवार को सारनाथ थाने में मीडिया से बातचीत के दौरान बताया की आजकल का सबसे बड़ा मैटर काशी की सभ्यता संस्कृति को तार–तार कर देने वाली महिला जो कि अपने आपको काशी कहके काशी की सभ्यता और संस्कृति को तार–तार करने वाली महिला को जब हमारे राष्ट्रीय संगठन मंत्री मेजर फेसबुक के माध्यम से उनसे यह आग्रह किया की ममता जी आप ऐसा बैनर और पोस्टर ना लगाएं तो ममता राय बौखला कर फेसबुक लाइव के माध्यम से व यूट्यूब के माध्यम से लाइव आकर विक्रांत सिंह को भद्दी – भद्दी गालियां तथा जान से मारने की धमकी तथा अपने आदमियों से अपहरण करवाने की साजिश कर रही है और तो और ममता राय ने खुलेआम कहा है की पूरे भाजपा नेता और काशी की जनता काशी में सम्मान पैसे पर बिकता है तथा उन्होंने भाजपा पर इल्जाम भी लगाया कि भाजपा के कुछ नेता पैसा लेकर इनको सम्मान दिलाने की कोशिश कर रहे हैं । ममता राय अपनी फार्च्यूनर गाड़ी पर विधानसभा का पास लगाकर चलती है और किसी को धमकी देने का काम करती है। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा का पदाधिकारी होने के नाते मैं शैलेंद्र प्रताप सिंह तथा हमारा पूरा संगठन बनारस प्रशासन से मांग किया है ऐसी महिला के ऊपर कड़ी से कड़ी धाराओं में उचित कार्यवाही की जाए नहीं तो हमारा संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। सारनाथ थाने पर शैलेन्द्र प्रताप सिंह प्रदेश संगठन मंत्री अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा ने संगठन के दर्जनों पदाधिकारियों संग एसएचओ थाना सारनाथ के कार्यालय में ममता राय के खिलाफ दिया प्रार्थना पत्र और एफआईआर करने की मांग भी की जिसपर एसएचओ सारनाथ ने आश्वासन दिया की इस मामले की जांच करके एफआईआर दर्ज कर ली जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही भी किया जाएगा इस मामले में किसी प्रकार के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# नवागत बीएसए का राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने किया स्वागत और सम्मान



**शिक्षकों की पदोन्नति एवं प्रोन्नति वेतनमान के लिए वरिष्ठता सूची के शीघ्र प्रकाशन की रखी मांग**

प्रखर वाराणसी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश संयुक्त मंत्री एवं जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय ष्शेखरष के नेतृत्व में वाराणसी के नवागत जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अरविंद कुमार पाठक से मिला और उन्हें बुके,दुशाला और स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय ने जिला बेसिक शिक्षाधिकारी से शिक्षकों के प्रोन्नत वेतनमान एवं पदोन्नति के लिए वरिष्ठता सूची प्रस्तुत करने के लिए खंड शिक्षाधिकारियों को पुर्व जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राकेश सिंह द्वारा जारी किए गए पत्र पर कार्यवाही करने तथा वरिष्ठता सूची एक सप्ताह में प्रकाशित करने का आग्रह किया जिस पर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने बताया इसके लिए मुझे दो वरिष्ठता सूची प्रकाशित करनी होगी एक सूची प्रोन्नत मान के लिए उन शिक्षकों की बनेगी जिनको चयन वेतनमान मिल चुका है तथा पदोन्नति के लिए वरिष्ठता सूची सभी शिक्षकों की बनेगी। बीएसए ने जल्द ही खंड शिक्षा अधिकारियों के स्तर से मंगवाकर शीघ्र ही वरिष्ठता सूची प्रकाशित करके शिक्षकों से आपत्तियां लेकर फाइनल सूची प्रकाशित करके प्रोन्नत वेतनमान एवं पदोन्नति की प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया। शिक्षकों के चयन वेतनमान के मुद्दे पर कार्यकारी जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश ने बीएसए को बताया कि बीएसए कार्यालय से शिक्षकों के चयन वेतनमान की प्रक्रिया विलंबित नहीं हुई है। जिस पर नवागत बीएसए अरविंद पाठक ने बताया कि शिक्षकों का कोई भी कार्य उनके कार्यकाल में विलंबित नहीं होगा। मुलाकात के दौरान प्रदेश संयुक्त मंत्री एवं जिलाध्यक्ष शशांक कुमार कुमार पाण्डेय, कार्यकारी जिला अध्यक्ष ज्योति प्रकाश, जिला महामंत्री आनंद कुमार सिंह,वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश पाल, अरविंद द्विवेदी,रितु ओबराय,अनुराधा भार्गव,दीपिका सिंह, संजीव त्रिपाठी,आशुतोष पाण्डेय,धीरेन्द्र सिंह,पवन सिंह,अजय कुमार,मुकुल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा कायम



प्रखर अहरौरा,मिर्जापुर। थाना क्षेत्र के वनस्थली महाविद्यालय के समीप एक पिक अप वाहन पर क्रूरता पूर्वक वध के लिए ले जाए जा रहे पशुओं को पुलिस ने तस्करों समेत पकड़ कर स्थानीय थाने ले आए पुलिस की इस कार्रवाई से पशु तस्करी को संरक्षण देने वाले छूट भैया नेता किसी तरह पशुवो समेत गाड़ियों को छुड़ाने की जुगत में लग गए बावजूद उसके इसकी भनक स्थानीय स्तर के कुछ पत्रकारों को हो जाने के बाद पुलिस ने मुकदमा कायम करते हुए पशु क्रूरता अधिनियम में तस्करों के ऊपर कार्रवाई करते हुए बरामद पशुओं की मेडिकल मुआयना कराने के बाद किसानों को सौंप दिया पुलिस की कार्रवाई से पशु तस्करी से जुड़े लोगों में खलबली मच गया।

# तेज रफ्तार का कहर! पिकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर,तीन गंभीर रूप से घायल

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत कोतवाली अंतर्गत रविवार की शाम हुरुहुरी पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार से आ रही ट्रांसफार्मर से लदी पीकअप ने बाइक सवार को मारी टक्कर तीन लोगो गंभीर रूप से घायल हो गये घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया।गौरतलब हो कि सूरज सरोज पुत्र करिया सरोज उम्र 24 वर्ष निवासी पचवर, श्यामबली पुत्र मुक्खु सरोज उम्र 32 वर्ष व सुनीता पत्नी श्यामबली उम्र 28 वर्ष निवासी कुंडी जमुआरी मुफ्तीगंज एक बाइक पर तीनों लोग सवार होकर पचवर डगरा से मुफ्तीगंज कुंडी जा रहे थे कि जैसे ही हुरुहुरी पेट्रोल पंप के सामने पहुंची तभी केराकत से जौनपुर की तरफ तेज रफ्तार से ट्रांसफार्मर से लदी पिकअप ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर की आवाज सुन आस पास की भीड़ इकठ्ठा हो गई भीड़ ने पिकअप चालक को पकड़कर पुलिस को सूचना दी।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक केन्द्र भेजा जहां चिकित्सकों ने घायलों की स्थित गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया।पुलिस चालक व पिकअप को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई।

# डॉक्टर की लापरवाही से महिला की मौत का लगा आरोप



**आपरेशन के दौरान डाक्टर ने महिला की काट दी बच्चेदानी की नस, महिला की मौत गांव में हड़कम्प**

प्रखर गोरखपुर। खजनी थाना क्षेत्र के एक निजी हास्पिटल के कारनामे का भंडाफोड़ हो गया । प्राइवेट हास्पिटल के चिकित्सक ने गर्भवती महिला के अंदरूनी नस काट दिया । जिसका इलाज के दौरान आज शनिवार को मौत हो गयी । लाश गांव में पहुँची तो परिवार में कोहराम मच गया । सूचना पाकर पहुंची ख्जनी पुलिस लाश को कब्जे में लिया । पँचनामा कर शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया । वही मृतक के पति तहरीर अनुसार मुकदमा दर्ज करने का कार्यवाही चल रही है । फिर हाल चिकत्सक फरार है। मामला खजनी थाना के ग्राम सभा खुटहना का है , जहां खुटहना गांव की रहने वाली एक विवाहित महिला के पेट में दर्द व रक्त स्राव बंद नही होने पर स्वजनो ने महिला को कस्बे के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया।नर्सिंग होम संचालकधचिकित्सक ने आपरेशन के दौरान महिला की नस काट दी जिससे महिला के नाक व मुंह से ब्लड निकलने लगा।पेट फूल गया।हालत गंभीर होने पर स्वजनो ने मरीज को सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां डाक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लेकिन अभी स्वजन मरीज को एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराने लगे ।।महिला वेल्टीनेटर पर थी । उसकी हालत नाजुक बनी हुई था। जिसकी आज शनिवार की दोपहर बाद अचानक मौत हो गयी । लाश गया गांव में पहुंची भीड़ एकत्रित हो गयी । गाँव मे निजी चिकित्सक पर आक्रोश ब्याप्त था । मौके पर खजनी प्रभारी निरीक्षक इकरार अहमद मौके पर पहुंचे । शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिए । और अग्रिम कार्यवाही में जुट गई ।

**क्या था मामला**

मुकेश बेलदार के बड़े भाई की शादी पीपरसंडी गांव के मीठी देवी से 9 मई 2022 को हुई थी । रक्षाबंधन के त्योहार में अपने मायके गई थी।उनके पेट में दो महीने का बच्चा था।भाभी के अचानक पेट में दर्द होने से 12 अगस्त को खजनी कस्बे में स्थित कर्मा हॉस्पिटल में भर्ती कराया।वहा वह तीन दिन तक भर्ती रही।उसके बाद अस्पताल संचालक डॉ डी के सिंह ने बताया पेट में बच्चा खराब हो गया है, इसकी तत्काल सफाई करा दो नहीं तो कैंसर हो जाएगा।जिसपर परिजन कुछ समझ पाते तब तक डाक्टर ने ऑपरेशन कर बच्चा साफ कर दिया।आपरेशन के बाद मरीज का पेट पूरा फूल गया।मुंह और नाक से ब्लड बहने लगा।डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए मरीज को गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया। शुक्रवार सुबह जब एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया तो अल्ट्रासाउड के दौरान पता चला मरीज के पेट में घाव बन गया है, और बच्चेदानी की नस.कट गई है जिससे मरीज के नाक व मुंह से रक्त स्राव बंद नहीं हो रहा है।जिसकी आज इलाज के दौरान गोरखपुर में मौत हो गयी । मौके पर थाना प्रभारी इकरार अहमद मृतक के घर पहुंचे कर लाश को कब्जे में लिया । और पोस्टमार्टम को भेज दिया ।अग्रिम कार्यवाही में जुट गए ।

# गोरखपुर में कार सवार बदमाशों ने पूर्व BDC व उनकी पत्नी को घर पर चढ़ कर मारी गोली, एक आरोपित को पकड़कर ग्रामीणों ने पीटा

प्रखर गोरखपुर। घटना जिले के पिपराइच थाना क्षेत्र के अंतर्गत गोपालपुर गांव में हुई है। कार सवार बदमाशों ने लेनदेन के विवाद में वारदात को अंजाम दिया है। मौके से ग्रामीणों ने एक आरोपित को पीटकर घायल कर दिया है। पुलिस की मदद से घायल दंपती व आरोपित को अस्पताल पहुंचाया गया है।

गोरखपुर जिले में लेनदेन के विवाद में कार सवार युवकों ने शनिवार की शाम पूर्व बीडीसी व उनकी पत्नी को गोली मार दी। मौके पर चीख पुकार सुनकर पहुंचे गांव के लोगों ने दौड़ाकर एक आरोपित को पिस्टल समेत पकड़ लिया। कार सवार दो आरोपित मौके से भाग निकले। पिपराइच पुलिस ने दंपती के साथ ही ग्रामीणों की पिटाई में घायल हुए आरोपित को बीआरडी मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है।गोपालपुर गांव के रहने वाले पूर्व बीडीसी प्रदीप यादव व उनकी पत्नी रीतू यादव शनिवार की शाम 4 बजे बरामदे में बैठे थे।इसी दौरान शाहपुर के बशारपुर निवासी अंकुर सिंह अपने साथी मोहित व भोलू के साथ कार से पहुंचा। आरोप है कि प्रदीप को गाली देते हुए अंकुर साफ्टवेयर बनवाने के लिए दिए गए 50 हजार रुपये मांगने लगा।विरोध करने पर पिटाई कर दी। रीतू ने पकड़ने का प्रयास किया तो अंकुर ने पिस्टल से पेट में दाएं तरफ गोली मार दी। प्रदीप ने शोर मचाया तो उसके भी पेट में दाएं तरफ गोली मार दी।दंपति की चीख पुकार व गोली चलने की आवाज सुनकर पहुंचे गांव के लोगों ने अंकुर व उसके साथियों को घेर लिया। घटना के बाद मोहित व भोलू कार लेकर भाग निकले। पैदल भाग रहे अंकुर को गांव के लोगों ने घेर लिया।पिस्टल समेत पकड़कर पीटने के बाद पिपराइच पुलिस को सिपुर्द कर दिया। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि लेनदेन के विवाद में मारपीट व फायरिंग हुई है। एक आरोपित को पिस्टल समेत पकड़ लिया गया है। कार लेकर भागे अन्य आरोपितों की तलाश चल रही है।

**गुलरिहा क्षेत्र का रहने वाला है अंकुर**

दंपति को गोली मारने का आरोपित अंकुर सिंह मूल रुप से गुलरिहा थानाक्षेत्र के फुलवरिया गांव का रहने वाला है।गांव के लोगों ने बताया कि वह अपराधियों की संगत में रहता है।पहले भी कई बार मारपीट कर चुका है।

# नगर पंचायत बृजमनगंज मे अभी तक नहीं फहराया 105 फीट स्ट्रीट लाइट फ्लैग

प्रखार पूर्वांचल महाराजगंज। आजादी के अमृत महोत्सव पर नगर पंचायत बृजमनगंज मे 105 फीट उंचा तिरंगा झंडा लगाया जाना था।इसके लिए जिले के आला अधिकारियों से स्वीकृति मिलने के बाद शासन द्वारा धन भी आवंटित किया जा चुका है।फांउडेशन भी बनाया गया स्ट्रीट पोल भी आकर रखा हुआ है परंतु अभी तक इसका निर्माण कार्य नहीं किया गया।क्या यह शासनादेश का उल्लंघन नहीं है?आखिर यह तिरंगा नगर पंचायत में कब फहराया जायेगा यह चिंता का विषय है? वहीं क्षेत्र के लोगों का कहना है कि 105 फीट उंचा तिरंगा लगने से नगर पंचायत बृजमनगंज की सुंदरता में इजाफा होगा और तिरंगे की रोशनी से शहर जगमगा उठेगा । सूत्रों की माने इस तिरंगे झंडे ( कपड़े ) की लंबाई 30 फीट और चौड़ाई 20 फीट होगी । इसके निर्माण में लागत लगभग 4 से 5 लाख की आयेगी। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक इलेक्ट्रिकल फ्लैग मास्ट के चारों तरफ चार पोल छह – छह फीट के लगाए जाएंगे और उसी घेराव के अंदर स्म्क लाइट लगाई जाएगी । जिसकी रौशनी में तिरंगा झंडा रात के अंधेरे में भी जगमगाता रहेगा ।आजादी के अमृत महोत्सव पर झंडे लगाने के लिए नगर पंचायत कार्यालय द्वारा शिवालय पोखरे पर फांउडेशन बनाया जा रहा था परंतु कर्मचारियों द्वारा छठ की बेदी तोड़ने पर विवाद हो जाने से कार्य को रोक दिया गया।इस संबंध में फोन से ईओ अवध प्रकाश सिंह से वार्ता करने पर उन्होंने बताया कि 105 फीट उंचा झंडा लगाया जाना है परंतु कब तक लग जायेगा इस बारे मे कोई समय नहीं बता सकते। समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष समाजसेवी विनोद जायसवाल तिरंगे झंडे का निर्माण नगर पंचायत के मुख्य चौराहे (कोल्हई फरेंदा उसका स्टैंड )के बीच कराने से पूरे नगर का शोभा बढेगा।

# बकरियां चुराकर भाग निकले बोलेरो सवार

प्रखर मिर्जामुराद वाराणसी ।स्थानीय क्षेत्र के रखौना गांव पास राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे स्थित एक मकान के अंदर खुटे से बधी लगभग दर्जनभर बकरियां शनिवार की रात अज्ञात बोलेरो सवारों ने चुरा कर भागने में सफल रहे ।जानकारी अनुसार रामसजीवन, सुनील पटेल, संतोष पटेल, प्रकाश, पंचराम व रामबली का मकान रखौना स्थित नेशनल हाईवे के किनारे स्थित है ,बीती रात कुछ अज्ञात बोलेरो सवार आए और मकान के अंदर खुटे से बधी बकरियों को लादकर उठा ले गए। बकरी पालकों ने बताया कि सभी का दो दो बकरियां बोलेरो सवार चोर उठा ले गए हैं। बकरियां चोरी की सूचना बकरी पालकों ने रविवार की तड़के मालूम हुआ। चोरी हुई बकरियों की कीमत हजारों में बताई गयी ।बकरी पालक खजूरी चौकी पहुंच अज्ञात चोर के खिलाफ लिखित तहरीर दिया।

# पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की मनाई गयी पुण्यतिथि

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। उत्तर प्रदेश के पुर्व मुख्यमंत्री, श्री राम मंदिर आंदोलन के नायक पदम विभूषण (मरणोपरांत) कल्याण सिंह की आज प्रथम पुण्यतिथि भाजपा जिला कार्यालय पर मनायी गयी। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय पर कल्याण सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया तथा गोष्ठी आयोजित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा कर उन्हें एक कुशल प्रशासक एवं राजनेता बताया। आज के इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पुर्व जिलाध्यक्ष विजय शंकर राय ने कहा कि कल्याण सिंह ने अपने शासन के दौरान यह सिद्ध कर दिया कि समरसता के साथ सत्ता का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को कैसे खुशहाली प्रदान करती है तथा उनकी कुशल न्याय पुर्ण कार्य प्रणाली की चर्चा आज भी आम आदमी के जुबान पर है। वह भाजपा कार्यकर्ताओं के सच्चे हितैषी थे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिला महामंत्री प्रवीण सिंह ने कहा कि श्री राम मंदिर निर्माण के लिए सत्ता को छोड़कर जिस त्याग और बलिदान का कल्याण सिंह जी ने सैद्धांतिक नितिगत परिचय दिया वह भारतीय जनता पार्टी के परम्परा को मजबूत करते हुए श्री राम मंदिर

# रोटरी क्लब बनारस के एसोसिएट रोटरेक्ट क्लब कर्मा द्वारा लगाया गया बच्चों का कराटे प्रशिक्षण शिविर




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। रोटरी क्लब बनारस के एसोसिएट रोटरेक्ट क्लब कर्मा द्वारा बच्चों का कराटे प्रशिक्षण शिविर रविवार को संस्कार उत्सव वाटिका साकेत नगर कॉलोनी में लगाया गया। बच्चों को अपनी सुरक्षा के साथ–साथ दूसरों की सहायता कैसे करें यह सिखाया गया, सभी बच्चों को समाज में रोटरेक्ट के योगदान और जिम्मेदारियों के बारे में बताया गया रोटरी क्लब बनारस के रोटरेक्ट चेयरमैन अमित उपाध्याय के द्वारा सभी बच्चों से रोटरेक्ट क्लब से जुड़कर सामाजिक कार्यों में अपनी सहभागिता द्वारा सहयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया द्य बच्चो ने रोटरी के द्वारा किये जा रहे समाज सेवा के कार्यो की सराहना करते हुए समाजसेवा के कार्यो में प्रतिभाग करने में उत्सुकता दिखाई। अंत में धन्यवाद ज्ञापन रोटरेक्ट क्लब के अध्यक्ष रोट्रक्टर अवनीश चौधरी और सचिव रोट्रक्टर जागृति यादव ने दिया द्य इस अवसर पर रोट्रेक्ट क्लब कर्मा के राजकुमार पांडेय, संसृप्ति , ज्योति, विरपशी,सोनी चौहान ,एवम प्रियांशी उपस्थित थे।

# कैंट विधानसभा समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर हुई बैठक सम्पन्न

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। कैंट विधानसभा समाजवादी पार्टी के महमूरगंज कार्यालय पर आवश्यक बैठक हुई। सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक के मुख्य अतिथि एम.एल.सी.लाल बिहारी यादव की अध्यक्षता में हुई, लोगो को पार्टी की सदस्यता दिलाई द्य सदस्यता की कॉपी जमा किए गए साथीगण को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम की संयोजक पूर्व प्रत्याशी कैंट विधान सभा श्रीमती पूजा यादव थी द्य एम.एल.सी.ने कहा कि सपा की सदस्यता अभियान पूरे प्रदेश में जोर–शोर से चल रही है लोगों में सदस्य बनने की उत्सुकता पूरे प्रदेश में दिखाई दे रही है सभी नेतागण से आग्रह है कि लोग घर–घर जाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराएं और पार्टी को मजबूती प्रदान करें धन्यवाद ज्ञापन पूजा यादव ने किया सभा का संचालन सुश्री इवौन रेनू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि लाल बिहारी यादव एम.एल.सी. शिक्षक सभा , कार्यक्रम संयोजक पूजा यादव पूर्व प्रत्याशी कैंट विधानसभा , संचालक सुश्री इवौन रेनू नि0 महानगर महासचिव महिला सभा विशिष्ट अतिथि नि0 महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा रहे । मुख्य रूप से जितेंद्र यादव, भीष्म नारायण यादव, रईस अहमद, इस्तियाक खान, पूर्व पार्षद उमेश यादव, रामबाबू यादव, जगदीश यादव उपस्थित रहे । कार्यक्रम में सम्मानित किया गया रितेश केसरी, मणिशंकर शर्मा, विवेक कहार, जवाहर मौर्य, जावेद खान, राईस अहमद, राजू सोनकर, कृष्ण, मोईन, फहीम खान, डॉ अजीत यादव, राधेश्याम यादव, विवेक कहार, अभिजीत सोनी, राहुल यादव, अंजू सोनी, आरती यादव, किरन शर्मा इत्यादि थे।

# चिकित्सा शिविर में साढे तीन सौ लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

**पूर्व विधायक राजबहादुर की पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर**



**जरूरतमंदों को निशुल्क दवाओं का किया गया वितरण**

प्रखर जौनपुर । राजबहादुर पीजी कॉलेज गुलालपुर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें करीब साढे तीन सौ लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया और जरूरतमंदों को दवाओं का वितरण किया गया ।शिविर का आयोजन पूर्व विधायक राजबहादुर के 44 वे पुण्यतिथि पर किया गया। पूर्व विधायक राजबहादुर यादव के पुण्यतिथि के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घघाटन सपा के नेता विवेक यादव ने किया । निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आर्थो विशेषज्ञ डा आलोक कुमार यादव, ईएनटी डा. एकता डॉ बृजेश कुमार, चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ देवेंद्र प्रताप सिंह, डेंटल डॉ नरेंद्र यादव, डॉ रवि सिंह, सर्जन डॉ अरुण सिंह ,फिजीशियन डॉ सुभाष प्रजापति समेत अन्य चिकित्सक ने तीन सौ 44 लोगों का पंजीयन कराने के बाद स्वास्थ्य परीक्षण कराया, उनको जरूरत के हिसाब से निशुल्क दवाओं का वितरण किया गया ।और मौसमी बीमारियो से बचने की सलाह दी। इसके बाद पूर्व विधायक स्वर्गीय राज बहादुर यादव के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। लोगो ने पूर्व विधायक के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते कहा कि वह हमेशा गरीब असहायो की मदत करते रहे ,ग्रामीण क्षेत्रो मे शिक्षा संस्थान खड्ा शिक्षा की अलख जगाई। अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य, डॉ जितेंद्र कुमार यादव, राकेश कुमार ,अशोक यादव, मनोज कुमार ,आशीष यादव,कृष्नेश यादव, प्रेमचंद, राजेंद्र पाल, ब्रह्मदेव, नीरज, आनंद सिंह, शैलेंद्र सिंह, पंकज मौजूद रहे। शिविर का संचालन मिथिलेश कुमार फार्मासिस्ट ने किया।

# कजरी प्रतियोगिता का ग्रामीणों ने उठाया लुफ्त



प्रखर पिंडरा वाराणसी। क्षेत्र के खालिसपुर स्थित ब्रह्म देव बाबा स्थान पर रविवार को कजरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कजरी प्रतियोगिता दीनानाथ प्रजापति व भुल्लन राजभर तथा सुरेश राजभर के बीच मुकाबला हुआ। इस दौरान सैकड़ो ग्रामीणों ने विलुप्त हो रही लोकगीत कजरी का आनंद उठाया। उक्त कार्यक्रम कोरोना काल के कारण तीन वर्ष बाद आयोजित हुआ। संचालन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार राजभर ने किया। इस दौरान दर्जनो ग्राम प्रधान व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# PACL कार्यकर्ताओं ने भुगतान लेने हेतु भरी हुंकार

प्रखर जमुई, मिर्जापुर। चुनार थाना अंतर्गत शिव शंकरी धाम परसोधा में पीएसीएल कार्यकर्ताओं ने निवेशकों का भुगतान कराने हेतु बैठक किया, सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार पीएसीएल के भुगतान हेतु जो लोढ़ा कमेटी व सेबी को सौंपी गई है उसे लोढ़ा कमेटी व सेबी अविलंब भुगतान करें, प्रदेश संगठन मंत्री अलाउद्दीन के नेतृत्व में बैठक किया गया,जिसमें प्रदेश संगठन मंत्री ने कहा कि हम सभी को मजबूती के साथ एक होकर भुगतान कराने हेतु कड़े संघर्ष करने की आवश्यकता है, जिससे भुगतान लेने में सुविधा हो सके, पीएसीएल कंपनी में निवेशकों ने इस उम्मीद से जो पैसा जमा किए थे कि वह गाढ़े मुसीबत में काम आएगा, किंतु अभी तक लोढ़ा कमेटी व सेबी ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को अनदेखी कर भुगतान कराने में हीलाहवाली कर रही है, जो निंदनीय है तथा निवेशकों व कार्यकर्ताओं का पैसा ना मिलने से बहुत ही परेशान है,जबकि पीएसीएल का एआइएसओ संगठन मजबूती से राष्ट्रीय स्तर पर संघर्ष भी कर रहा है , प्रदेश संगठन मंत्री ने यह भी कहा कि यदि लोढ़ा कमेटी समय रहते हुए भुगतान नहीं करता है तो हम सभी पीएसीएल कार्यकर्ता पूरे भारतवर्ष में कठोर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे तथा यह भी कहा कि भुगतान हेतु 24 अगस्त 2022 को जिलाधिकारी मिर्जापुर को ज्ञापन देने हेतु हम सभी कार्यकर्ता मिर्जापुर समय से पहुंचकर ज्ञापन देंगे,झुरी लाल गुप्ता,अशोक उपाध्याय,डा विद्याशंकर, डॉ रंग बहादुर सिंह, हनुमान प्रसाद,जितेंद्र विश्वकर्मा, डॉ राकेश,रामधनी शर्मा, नंदलाल, कल्पनाथ बिंद,चंद्रकेश,श्यामलाल, चंद्रबली सिंह, श्याम कुमार सिंह, बेचू राम, छोटेलाल,उमेश,अमरनाथ इत्यादि प्रमुख लोगों के साथ काफी संख्या में इकट्ठा थे।

**प्रखर पूर्वांचल**

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं